-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 16.02.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गुम/भटकी हुई 10 वर्षीय बच्ची के परिजनों का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 16.02.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गुम/भटकी हुई 10 वर्षीय बच्ची के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 16.02.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस को महेश्वरी देवी मंदिर के पास एक 10 वर्षीय बच्ची भटकती हुई मिली। जिस पर पुलिस द्वारा बच्ची से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम सपना पुत्री कमलेश तथा ग्राम आउ से भटककर बांदा शहर आना बताया। पुलिस द्वारा तत्परता के साथ तत्काल सम्बन्धित गांव से सम्पर्क कर परिजनों के बारे में जानकारी कर सूचित किया गया व कोतवाली नगर बुलाकर बच्ची को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

पुलिस टीम का विवरण-

1. व0उ0नि0 श्री राकेश द्विवेदी थाना कोतवाली नगर
2. म0उ0नि0 सुश्री रेनू शर्मा
3. कां0 अखिलेश पांडेय